राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.),

गंगानाथ झा परिसर, चन्द्रशेखर आजाद पार्क,

इलाहाबाद - 211002

पत्रांक-रा.सं.सं./ग.ना.झा.प./षाण्मासिक/2017/ दिनांक-23.10.2017

सेवा में,

प्राचार्य,

समस्त परिसर,

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (मानितविश्वविद्यालय)

विषय- **षाण्मासिक पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में।**

महोदय,

परिसर में सत्र 2017-18 के षाण्मासिक शोध पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने वाले समस्त प्रतिभागियों को पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

-sd-

(प्रो. शैलकुमारी मिश्र)

प्राचार्या/का.

Recvd on 24/10/17 for Principal

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय)
गङ्गानाथ झा परिसर, चन्द्रशेखर आजाद पार्क,
इलाहाबाद

दिनाङ्क 23.10.2017

सूचना

प्राक्शोध पाठ्यक्रम के समस्त प्रतिभागी शोधच्छात्रों को सूचित किया जाता है कि -

1. दिनांक 25.10.2017 से दिनांक 07.11.2017 पर्यन्त गंगानाथ झा परिसर इलाहाबाद में उक्त पाठ्यक्रम हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज करायें।

2. जिन प्रतिभागियों ने छात्रावास के लिए आवेदन किया है उन्हें यह सूचित किया जाता है कि इलाहाबाद परिसर का अपना छात्रावास न होने के कारण छात्रावास की व्यवस्था प्राइवेट छात्रावास में की जायेगी, जिसमें आवास एवं भोजन व्यवस्था का प्रतिमाह व्यय लगभग रु. 5000 से रु. 6000 के मध्य संभावित है। जो प्रतिभागी द्वारा अग्रिम रूप से स्वयं वहन किया जायेगा।

3. जिन महिला प्रतिभागियों ने छात्रावास के लिए आवेदन किया है उनकी तात्कालिक व्यवस्था **ओझा गर्ल्स हॉस्टल** में सशुल्क के साथ की गई है। अत: ऐसे प्रतिभागी **श्री आर. के. ओझा, ओझा गर्ल्स हॉस्टल 26/A पन्ना लाल रोड, इलाहाबाद, (उ.प्र.) मो.** 09554991725 से सम्पर्क करें।

4. जिन पुरुष प्रतिभागियों ने छात्रावास के लिये आवेदन किया है उनकी तात्कालिक व्यवस्था **परिसरीय अतिथि आवास** में सशुल्क की गई है। अत: ऐसे प्रतिभागी **श्री राजेन्द्र कुमार दुबे, पन्ना लाल रोड, (निकट डॉ. बजाज क्लिनिक), इलाहाबाद, उ.प्र.** में पहुँचे।

5. छात्रावासीय महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों के भोजन एवं जलपान की तात्कालिक व्यवस्था **ओझा गर्ल्स हॉस्टल** में की गई है।

इलाहाबाद में नवम्बर माह से शीतकालीन मौसम प्रारम्भ हो जाता है। छात्र/छात्रायें अपने साथ गर्म बिस्तर, संस्कृत भाषा एवं व्याकरण से सम्बद्ध पुस्तकें, पंजीकरण शुल्क की रसीद एवं अपने आचार्य/एम.ए. के अंक/प्रमाण-पत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि, परिचय-पत्र यथा आधार कार्ड अथवा राज्य या कोई संस्था द्वारा निर्गत की गई पहचान पत्र लाना आवश्यक है।

आवास एवं अन्य जानकारी हेतु-श्री दिवाकर शुक्ल, मो.-08787043022 से सम्पर्क कर सकते हैं।

-sd-
प्राचार्य प्र.